Serving Education for Last 40 Years

**NEERAJ®**

# M.C.O.-015

# भारत का विदेश व्यापार और निवेश

## ( India's Foreign Trade and Investment )

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Sajnay Jain* & *Ved Prakash Sharma*

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**MRP ₹ 400/-**

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

**Get books by Post & Pay Cash on Delivery :**

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

## Content

# भारत का विदेश व्यापार और निवेश

## ( India's Foreign Trade and Investment )

Question Paper—June-2023 (Solved) ........ 1
Sample Question Paper–1 (Solved) ........ 1
Sample Question Paper–2 (Solved) ........ 1
Sample Question Paper–3 (Solved) ........ 1
Sample Question Paper–4 (Solved) ........ 1

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|

**विदेश व्यापार और निवेश**
( Foreign Trade and Investment )

1. विदेश व्यापार का अवलोकन ........ 1
( Overview of Foreign Trade )

2. विदेशी निवेश ( Foreign Investment ) ........ 15

3. भारत का भुगतान संतुलन ........ 37
( India's Balance of Payments )

**विदेश व्यापार और निर्यात संवर्धन**
( Foreign Trade and Export Promotion )

4. भारत का विदेश व्यापार ( India's Foreign Trade ) ........ 49

5. विश्व व्यापार और भारत ( World Trade and India ) ........ 68

6. भारत में निर्यात संवर्धन के उपाय ........ 89
( Export Promotion Measures in India )

## प्रमुख उत्पादों की व्यापार संभावनाएँ
(Trade Prospects of Major Products)


7. कृषि उत्पाद ( Agricultural Products ) ........ 107

8. कपड़ा एवं वस्त्र ( Textiles and Garments ) ........ 124

9. रत्न व आभूषण तथा हस्तशिल्प ( Gems and Jewellery and Handicrafts ) ........ 141

10. इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं ( Electronic Commodities ) ........ 154

11. इंजीनियरिंग वस्तुएं ( Engineering Goods ) ........ 169

12. सेवाओं में व्यापार ( Trade in Services ) ........ 184


## चयनित बाजारों की व्यापार संभावनाएँ
(Trade Prospects of Select Markets)


13. संयुक्त राज्य अमेरिका (United States of America ) ........ 204

14. यूरोपियन यूनियन (European Union ) ........ 217

15. जापान ( Japan ) ........ 235

16. सार्क और दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्र संघ (SAARC and ASEAN ) ........ 248

17. पश्चिम एशिया (West Asia ) ........ 263


n n

# Sample Preview
# of the
# Solved
# Sample Question
# Papers

*Published by:*

**NEERAJ**
**PUBLICATIONS**
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*June – 2023*

*(Solved)*

## भारत का विदेश व्यापार एवं निवेश
## ( India's Foreign Trade and Investment )

**M.C.O.-15**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :** किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

**प्रश्न 1. क्या आप सोचते हैं कि विदेशी व्यापार देश के आर्थिक विकास में सहायक होता है? व्याख्या कीजिए और भारत के विदेशी व्यापार के हाल के रुझान का वस्तुओं के निर्यातों, आयातों तथा गंतव्य स्थानों पर प्रकाश डालते हुए वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-3, 'विदेशी व्यापार और आर्थिक विकास', पृष्ठ-5, 'भारत के विदेश व्यापार की वर्तमान प्रकृति'

**प्रश्न 2. विश्व व्यापार के हाल के रुझानों का निर्यातों, आयातों और अग्रणी निर्यातकों और आयातकों पर प्रकाश डालते हुए विवेचन कीजिए। विश्व व्यापार के विस्तार में योगदान करने वाले कारक कौन-से हैं? व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-5, पृष्ठ-68, 'विश्व व्यापार में हाल की प्रवृत्तियां', पृष्ठ-72, 'विश्व व्यापार के विस्तार में योगदान देने वाले कारक'

**प्रश्न 3. निर्यात संवर्धन का क्या औचित्य है? तर्क दीजिए और भारत में विभिन्न निर्यात संवर्धन उपायों का विवेचन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-6, पृष्ठ-89, 'निर्यात संवर्धन के दर्शन का औचित्य', 'पृष्ठ-92, 'निर्यात संवर्धन के उपाय'

**प्रश्न 4. क्या आप सोचते हैं कि भारत कृषि उत्पादों का एक बड़ा निर्यातक है? अपने उत्तर को न्यायसंगत सिद्ध कीजिए और भारत के कृषि उत्पादों के निर्यात के हाल के रुझानों का मुख्य उत्पादों पर प्रकाश डालते हुए विवेचन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-107, 'कृषि निर्यात का अवलोकन', पृष्ठ-111, 'निर्यात में हाल के रुझान'

**प्रश्न 5. रत्न एवं आभूषण तथा हस्तशिल्प के निर्यातों के हाल के रुझानों का विवेचन कीजिए। आप उसका निर्यात कैसे बढ़ाएँगे?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-9, पृष्ठ-142, 'रत्न और आभूषण और हस्तशिल्प क्षेत्र की संरचना', पृष्ठ-144, 'निर्यात संवर्धन के उपाय'

**प्रश्न 6. ( अ ) इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं में व्यापार के अवलोकन का विवेचन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-10, पृष्ठ-154, 'इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं में व्यापार का अवलोकन'

**( ब ) इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के निर्यातों आयातों के हाल के रुझानों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-10, पृष्ठ-154, 'निर्यात में हाल के रुझान', पृष्ठ-161, प्रश्न 2

**प्रश्न 7. ( अ ) फ्रांस और जर्मनी की आर्थिक विशेषताओं का विवेचन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-14, पृष्ठ-227, प्रश्न 1, पृष्ठ-228, प्रश्न 2, पृष्ठ-220, 'फ्रांस के साथ भारत का व्यापार', पृष्ठ-221, भारत का जर्मनी के साथ व्यापार'

**( ब ) भारत के फ्रांस और जर्मनी के साथ निर्यातों और आयातों के हाल के रुझानों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-14, पृष्ठ-226, 'यूरोपीय यूनियन के साथ भारत के व्यापार में हाल की प्रवृत्तियां'

**प्रश्न 8. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए–**

**( क ) भारत के वस्त्र और परिधान उद्योग की शक्तियां**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-8, पृष्ठ-127, 'ताकत और कमजोरियां'

**( ख ) विश्व व्यापार संगठन और सेवाओं में व्यापार**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-12, पृष्ठ-190, 'विश्व व्यापार संगठन और सेवाओं में व्यापार'

**( ग ) भारत-यू.एस.ए. व्यापार में अवसर और चुनौतियां**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-13, पृष्ठ-206, 'संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ व्यापार की संभावनाएं', पृष्ठ-207, 'चुनौतियां'

**( घ ) भुगतान शेष को प्रभावित करने वाले कारक**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-44, प्रश्न 9

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

*Sample*

# QUESTION PAPER - 1

*(Solved)*

## भारत का विदेश व्यापार और निवेश
## ( India's Foreign Trade and Investment )

**M.C.O.-15**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

**नोट :** *किन्हीं* **पाँच** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

**प्रश्न 1. विदेशी प्रत्यक्ष निवेश और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के बीच अंतर बताइए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-27, प्रश्न-7

**प्रश्न 2. देश के आर्थिक विकास में विदेश व्यापार के योगदान को सूचीबद्ध कीजिये।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-7, प्रश्न-2

**प्रश्न 3. भारतीय अर्थव्यवस्था में विदेशी व्यापार के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-58, प्रश्न-1

**प्रश्न 4. विश्व व्यापार क्यों बढ़ा है और उस वृद्धि के क्या परिणाम हैं? प्रवर्धित करें।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-5, पृष्ठ-83, प्रश्न-1

**प्रश्न 5. भारत के किन्ही दो बागान उत्पादों के निर्यात की गणना करें।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-115, प्रश्न-3

**प्रश्न 6. भारतीय कपड़ा उद्योग के पाँच उपक्षेत्र बताइए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-8, पृष्ठ-130, प्रश्न-3

**प्रश्न 7. इलेक्ट्रॉनिक 2019 पर राष्ट्रीय नीति द्वारा प्रस्तावित प्रमुख पहलों और कार्रवाई का वर्णन करें।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-10, पृष्ठ-160, प्रश्न-1

**प्रश्न 8. इंजीनियरिंग क्षेत्र को परिभाषित करें और भारी इंजीनियरिंग और हल्के इंजीनियरिंग क्षेत्रों की व्याख्या करें।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-11, पृष्ठ-175, प्रश्न-1

**प्रश्न 9. भारत जापान व्यापार में वर्तमान प्रवृत्तियों की व्याख्या करें?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-15, पृष्ठ-242, प्रश्न-2

**प्रश्न 10. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए–**

**( क ) बचत अंतराल**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-25, प्रश्न-1

**( ख ) भुगतान शेष में घाटा**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-38, 'भुगतान शेष में घाटा'

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

**NEERAJ**
**PUBLICATIONS**
www.neerajbooks.com

# भारत का विदेश व्यापार और निवेश
# ( India's Foreign Trade and Investment )

## विदेश व्यापार और निवेश
## ( Foreign Trade and Investment )

## विदेश व्यापार का अवलोकन
## ( Overview of Foreign Trade )

1

### परिचय

ऐतिहासिक काल से ही राष्ट्रीय सीमा पार से वस्तुओं, सेवाओं और पूंजी के आदान-प्रदान का प्रचलन रहा है। इसके विकास में विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। भारत जैसे विकासशील देश में, व्यापार नीति आर्थिक विकास का महत्त्वपूर्ण साधन है। भारत की व्यापार नीति के दोहरे उद्देश्य हैं–निर्यात को बढ़ावा देना और आवंटित विदेशी मुद्रा से आयात के स्तर को सीमित करना। भारत जैसे देश की मूल समस्या उद्योग विनिर्माण के लिए जरूरी सामग्री, जैसे–औद्योगिक कच्चे माल, पूंजी, वस्तुओं और प्रौद्योगिकी की कमी होती है, जिसे केवल आयात द्वारा ही दूर किया जा सकता है, इसलिए व्यापार नीति का मूल उद्देश्य निर्यात संवर्धन और आयात प्रबंधन के विभिन्न उपायों के अनुरूप ही रहता है, जिनमें एक भारत के सेवा क्षेत्र, लघु उद्योग और रोजगार उत्पादन को बढ़ावा देना भी है।

### अध्याय का विहंगावलोकन

#### विदेशी व्यापार के लिए कानूनी प्रारूप का अवलोकन

भारत का विदेशी व्यापार विदेश व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1992 (Development - Regulation Act, 1992) के अंतर्गत नियंत्रित होता है, जबकि विदेशी मुद्रा के रूप में निर्यात और आयात व्यापार लेन-देन के नियम विदेश विनिमय प्रबंधन अधिनियम, 1999 (Foreign Exchange Management Act, 1999) के तहत नियंत्रित होते हैं। परिवहन के विभिन्न तरीकों के माध्यम से माल और सेवाओं दोनों के निर्यात और आयात संबंधी लेन-देन का भौतिक संचालन सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत आयोजित और विनियमित किया जाता है। वस्तुओं की गुणवत्ता पर निर्यात (गुणवत्ता नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 के तहत विशेष ध्यान दिया जाता है। विदेशी व्यापार को नियंत्रित करने वाले चार प्रमुख अधिनियम इस प्रकार हैं–

**विदेश व्यापार ( विकास और विनियमन ) अधिनियम, 1992**

इस अधिनियम का प्राथमिक उद्देश्य भारत में आयात की सुविधा और निर्यात संवर्धन उपायों के द्वारा विदेशी व्यापार और विनियमन के विकास को सुगम बनाना है। इस अधिनियम के अंतर्गत आयातक-निर्यातक कोड संख्या (IEC) के निर्धारण द्वारा निर्यात और आयात की अनुमति भी प्रदान की जाती है। यह अधिनियम आयात-निर्यात नीति के निर्धारण और कार्यान्वियन सहित अधिनियम के प्रयोजन हेतु विदेशी कारोबार के महानिदेशक की नियुक्ति के लिए और देश की प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचने पर भी आयातक-निर्यातक कोड संख्या (IEC) को निरस्त करने तथा दंड देने के लिए भी अधिकृत है।

**विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999**

द्वितीय विश्वयुद्ध के प्रारंभिक दौर में, भारत में होने वाले विनिमय को नियंत्रित करने के उद्देश्य से 1939 में कुछ नियम लागू किए गए थे। बाद में यह अधिनियम विदेशी मुद्रा विनियम अधिनियम, 1947 द्वारा बदल दिया गया था। यह अधिनियम 1973 में फिर संशोधित किया गया और इसे विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, 1973 (FERA) के नाम से जाना गया। 1993 में इसका पुन: संशोधन किया गया, लेकिन FERA उदारीकरण के बाद की नीतियों का सामना करने में विफल रहा। अंत में, वर्तमान खाते पर रुपये की पूर्ण परिवर्तनीयता के लिए FERA के स्थान पर विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA) को 1999 में लागू किया गया था। FEMA सरकार का एक अधिनियम है, जिसने भारत के विदेशी मुद्रा बाजार को नियंत्रित करने वाले कानून को

www.neerajbooks.com



समेकित और संशोधित किया है। FEMA अधिनियम का उद्देश्य बाहरी भुगतान, व्यवस्थित विकास और भारत में विदेशी विनिमय के लिए बाजारों के रखरखाव को बढ़ावा देना था। इस अधिनियम के अनुसार, विदेशी प्रतिभूतियों या विनिमय से संबंधित सभी वित्तीय लेन-देन FEMA के अनुमोदन के बिना नहीं किए जा सकते। सभी लेन-देन 'अधिकृत व्यक्तियों' के माध्यम से किए जाने चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक FEMA के प्रावधानों एवं दिशानिर्देशों के अनुसार नियम बनाता है, जिन्हें समय-समय पर आवश्यकता अनुसार संशोधित किया जाता है।

**सीमा शुल्क अधिनियम, 1962**

तीन अधिनियमों (समुद्री सीमा शुल्क अधिनियम, 1878, भूमि सीमा शुल्क अधिनियम 1962 और विमान शुल्क अधिनियम, 1934) के स्थान पर 13 दिसंबर 1962 को समेकित अधिनियम सीमा शुल्क अधिनियम लागू हुआ। इस अधिनियम का प्रमुख उद्देश्य राष्ट्रीय आर्थिक नीतियों के अनुसार निर्यात और आयात लेनदेनों का विनियमन करना, राजस्व एकत्र करना तथा गैर-कानूनी गतिविधियों पर नियंत्रण रखना है।

**निर्यात (गुणवत्ता नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963**

भारत सरकार द्वारा निर्यात (गुणवत्ता नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम को 1963 में लागू किया गया, जिसका उद्देश्य निर्यात व्यापार को गुणवत्ता नियंत्रण और पूर्व-शिपमेंट निरीक्षण के माध्यम से मजबूत बनाना था। निर्यात (गुणवत्ता नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 की धारा 3 के तहत गुणवत्ता नियंत्रण और निरीक्षण और उससे जुड़े हुए मामलों के माध्यम से भारत के निर्यात व्यापार के सही विकास को सुनिश्चित करने के लिए 1 जनवरी, 1964 को निर्यात निरीक्षण परिषद (Export Inspection Council, EIC) की स्थापना की गई थी। EIC की भूमिका यह सुनिश्चित करना है कि निर्यात (गुणवत्ता नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम 1963 के तहत अधिसूचित उत्पाद और अपनी गुणवत्ता और सुरक्षा के संबंध में आयात करने वाले देशों की आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का महत्त्व


अंतर्राष्ट्रीय व्यापार तब होता है जब ग्राहकों को विदेशी बाजारों से कम मूल्य में उत्पाद प्राप्त होता है और विक्रेताओं को घरेलू बाजार की अपेक्षा उनके उत्पादों पर अधिक लाभ प्राप्त होता है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के कुछ लाभ इस प्रकार हैं–

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के माध्यम से, कोई भी देश वे वस्तुएं और सेवाएं प्राप्त कर सकता है, जिनको वह उत्पादित करने में सक्षम नहीं है अथवा उनको उत्पादित करने में उसको किसी भी प्रकार का कोई लाभ प्राप्त नहीं होता है।

- कुछ घरेलू उद्योग कच्चे माल, आवश्यक घटकों और उपकरणों की आपूर्ति के लिए विदेशी व्यापार पर निर्भर होते हैं। इस प्रकार, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार देश के संसाधनों का सर्वोत्तम तरीके से उपयोग करने में सहायता करता है।
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के माध्यम से, एक देश निश्चित उत्पादों के उत्पादन में अपनी विशिष्टता की पहचान कर उन उत्पादों को अन्य देशों में निर्यात कर सकता है। इस प्रकार के निर्यात पर ध्यान केंद्रित करके, ये देश उन क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता बढ़ा सकता है, जिससे श्रम विभाजन और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है।
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार विभिन्न देशों के साथ व्यापार करने के अवसर प्रदान करता है। अत: निर्माताओं और सेवा प्रदाताओं के बीच बहुत अधिक स्तर की प्रतिस्पर्धा हो सकती है, जिसके कारण उच्च गुणवत्ता वाली वस्तुओं या सेवाओं को उपलब्ध कराना आवश्यक हो जाता है।
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार सरकारी राजस्व बढ़ाने, वस्तुओं के मूल्य में स्थिरता लाने, रोजगार प्रदान करने आदि में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह विभिन्न देशों के मध्य सामंजस्यपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंध को बढ़ावा देने में भी योगदान देता है।

## विदेश व्यापार और आर्थिक विकास

विदेशी व्यापार को विकास का इंजन कहा जाता है, क्योंकि इससे देश में बेकार पड़े संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग किया जा सकता है। इसके द्वारा प्रौद्योगिकी का विकास होता है, कुल कारक उत्पादकता में वृद्धि करने और बेरोजगारी कम करने में सहायक हैं। आयात और निर्यात बाजारों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक दबाव उत्पन्न करके यह विकासशील परिवर्तन को गति प्रदान करता है। निर्यात क्षमता का अधिकतम उपयोग, वैश्विक मापदंडों के अनुसार व्यापार का विस्तार, नई तकनीकों का विकास आदि विदेशी व्यापार के कुछ अन्य महत्त्वपूर्ण पहलू हैं, जिससे देश का विकास होता है। बड़े पैमाने पर निर्यात करने से महंगाई दर बढ़ती है, जिससे श्रमिकों का वेतनमान बढ़ता है। विदेशी व्यापार व्यापारिक औद्योगीकरण द्वारा तकनीकी स्थानांतरण को बढ़ाता है, जो मानवश्रम की कुशलता में वृद्धि करते हैं। बिना किसी मूल्य वृद्धि के घरेलू व्यवसाय की लाभकारिता बढ़ती है, जो प्रदत्त चित्र से स्पष्ट है–




www.neerajbooks.com

AC औसत लागत वक्र है। उत्पादन की मात्रा $Oq_1$ होने पर प्रति इकाई उत्पादन की औसत लागत सबसे कम होगी। हालांकि, घरेलू पाबंदी के कारण उत्पादन स्तर Oq और संबंधित औसत लागत OC होती है। $qq_1$ मात्रा निर्यात करने पर कोई भी कंपनी अपनी उच्चतम क्षमता का उपयोग करके औसत लागत को $CC_1$ तक कम कर सकती है। इस 'न लाभ न हानि' की स्थिति में भी निर्यात करना उचित होता है, क्योंकि घरेलू क्षमता में वृद्धि से कंपनी की लाभकारिता बढ़ती है। इस प्रकार मूल्य में वृद्धि के बिना भी निर्यात लाभ को बढ़ाता है।

**व्यापार का स्तर और व्यापार संतुलन**–किसी राष्ट्र के व्यापार का स्तर इसकी अर्थव्यवस्था का आकार, इसकी भौगोलिक स्थिति और इसके व्यापार की ऐतिहासिक परिस्थितियों पर निर्भर करता है। व्यापार की स्थिति का अनुमान उसके निर्यात से होता है, जो सकल घरेलू उत्पाद के निर्यात प्रतिशत के रूप में मापा जाता है। जहां निर्यात और आयात के बीच एक करीबी संतुलन होता है, वहां भी अर्थव्यवस्था के लिए उच्च स्तर के व्यापक व्यापार के परिणामों से चिंता की जा सकती है। उदाहरण के लिए, यदि देश कुछ मुख्य निर्यात क्षेत्रों पर अधिक निर्भर होता है, तो उन उत्पादों की माँग में कमी के कारण अर्थव्यवस्था पर भारी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। बड़े व्यापार घाटे विदेशी कर्ज को बढ़ा सकते हैं, जिससे देश में गंभीर वित्तीय संकट उत्पन्न हो सकता है, इसलिए नीति-निर्माताओं के लिए महत्त्वपूर्ण है कि वे व्यापार संतुलन को बनाए रखें।

## व्यापार नीति और रणनीति

व्यापार नीति उन सभी नीतियों को संदर्भित करती है, जो किसी देश के व्यापार व्यवहार को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती हैं, जो उसकी विकास रणनीति पर निर्भर करता है। व्यापार नीति की बाह्य-उन्मुखी रणनीति उदारीकरण प्रक्रिया के अंतर्गत मुक्त व्यापार पर बल देती है। इसमें पूंजी, श्रम, माल का मुक्त आवागमन, बहुराष्ट्रीय उद्यमों की स्थापना और मुक्त संचार व्यवस्था जैसी गतिविधियां सम्मिलित हैं। जबकि अन्तः-उन्मुखी रणनीति विदेशी सहायता, उत्पादक घटकों की गतिविधियों, बहुराष्ट्रीय कंपनियों और अंतर्राष्ट्रीय संचार को निषेध करती है। हालांकि, अधिकांश देश अन्तः-उन्मुखी रणनीति को नहीं अपनाते।

**बाह्य-उन्मुखी रणनीति के लिए तर्क**–बाह्य-उन्मुखी रणनीति के समर्थन में यह तर्क प्रस्तुत किया जाता है कि मुक्त व्यापार और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रवेश से शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे नए विचारों और तकनीकों का उदय होता है और जीवन स्तर सुधरता है।

**अन्तः-उन्मुखी रणनीति के लिए तर्क**–अंतः-उन्मुखी रणनीति के समर्थन में यह तर्क प्रस्तुत किया जाता है कि अंतर्निर्देशी नीतियां घरेलू तकनीकों के विकास पर बल देती हैं, जिससे स्वदेशी प्रतिभाओं की शक्ति को बल मिलता है तथा यह बाहरी दुनिया के नकारात्मक प्रभावों से भी बचाती हैं।

## भारत के विदेश व्यापार के प्रमुख पहलू

वर्ष 2020 में, विश्व में वस्तु निर्यात में भारत का हिस्सा 1.6% और आयात 2.1% रहा, जबकि वाणिज्यिक सेवा निर्यात में भारत की भागीदारी 4% और आयात में 3.2% रही। वर्ष 2021 में, विश्व में वस्तु निर्यात में भारत का हिस्सा 1.8% और आयात 2.5% रहा, जबकि वाणिज्यिक सेवा निर्यात में भारत की भागीदारी 4% और आयात में 3.5 % रही। 2020 में, माल निर्यात में भारत 21वें स्थान पर रहा और 2021 में 18वें स्थान पर रहा। जबकि 2020 में व्यापारिक आयात में भारत ने 14वां स्थान और 2021 में 10वां स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार सेवाओं के निर्यात में भारत वर्ष 2020 में 7वें तथा सेवाओं के आयात में 10वें स्थान पर रहा। जबकि 2021 में सेवाओं के निर्यात में भारत का स्थान 8वां और सेवाओं के आयात में 10वां ही रहा।

## भारत के विदेश व्यापार की वर्तमान प्रवृत्ति

भारतीय विदेश व्यापार के सन्दर्भ में वर्ष 1983-2021 में निर्यातों में बढ़त देखी जा सकती है। 1991-92 से निर्यात बढ़कर 2021-22 में 422004.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया। आयात भी 1994-95 से बढ़ँकर 2021-22 में 613052.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। इसके परिणामस्वरूप व्यापार शेष भी बढ़कर 2021-22 में 613052.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया है।

**निर्यात**

निम्न तालिका 2020-21 के शीर्ष 10 वस्तुओं के निर्यात को दिखाती है। तालिका से स्पष्ट है कि इंजीनियरिंग वस्तुओं (26.29%) का निर्यात शीर्ष स्थान पर रहा, जबकि प्लास्टिक और लिनोलियम (2.56%) का निर्यात सबसे कम रहा।

**2020-21 के शीर्ष 10 वस्तुओं का निर्यात**

| Rank | Commodity | 2020-21 | Share% in 2020-21 |
|---|---|---|---|
| 1 | Engineering goods | 76.72 | 26.29 |
| 2 | Gems and jewellery | 26.02 | 8.92 |
| 3 | Petroleum products | 25.80 | 8.84 |
| 4 | Drugs and pharma-ceuticals | 24.44 | 8.38 |
| 5 | Organic and inorganic chemicals | 22.09 | 7.57 |
| 6 | RMG of all textiles | 12.27 | 4.21 |
| 7 | Electronic goods | 11.09 | 3.80 |
| 8 | Cotton yarn/ fabs./made-ups, handloom products etc. | 9.83 | 3.37 |
| 9 | Rice | 8.83 | 3.03 |
| 10 | Plastic and linoleum | 7.46 | 2.56 |

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



## आयात

निम्न तालिका में 2020-21 के शीर्ष 10 वस्तुओं के आयात को दर्शाया गया है। तालिका के अनुसार, पेट्रोलियम और पेट्रो उत्पाद (20.96%) शीर्ष स्थान पर थे। अतः सबसे अधिक आयात पेट्रोलियम और उसके उत्पादों का किया गया। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि निर्यात से प्राप्त आय से ही आयात की लागत का भुगतान किया जाना चाहिए।

**2020-21 के शीर्ष 10 वस्तुओं का आयात**

| Rank | Commodity | 2020-21 | Share% in 2020-21 |
|---|---|---|---|
| 1 | Petroleum, crude and products | 82.68 | 20.96 |
| 2 | Electronic goods | 54.29 | 13.76 |
| 3 | Gold | 34.60 | 8.77 |
| 4 | Machinery, electrical and non-electrical | 30.08 | 7.63 |
| 5 | Organic and inorganic chemicals | 19.83 | 5.03 |
| 6 | Pearls, precious and semi-precious stones | 18.89 | 4.79 |
| 7 | Transport equipment | 18.65 | 4.73 |
| 8 | Coal, coke and briquettes, etc. | 16.27 | 4.13 |
| 9 | Artificial resins, plastic materials, etc. | 13.51 | 3.43 |
| 10 | Iron and steel | 12.04 | 3.05 |

## निर्यात की दिशा

तालिका के अनुसार, 2020-21 में भारत के मुख्य निर्यात का केंद्र संयुक्त राज्य अमेरिका है, जिसके पश्चात् चीन, हांगकांग, बांग्लादेश आदि आते हैं। तालिका के अनुसार, हमारे निर्यात गंतव्य का एक तिहाई से अधिक भाग केवल चार देशों में केंद्रित है। इसलिए, अन्य देशों में भी निर्यात को बढ़ावा देना चाहिए।

**2020-21 में भारत के शीर्ष 10 निर्यात गंतव्यों की सूची**

| S.No. | Country | 2020-21 | Share% in 2020-21 |
|---|---|---|---|
| 1 | U S A | 51.63 | 17.69 |
| 2 | China | 21.19 | 7.26 |
| 3 | U A E | 16.68 | 5.72 |
| 4 | Hong Kong | 10.16 | 3.48 |
| 5 | Bangladesh | 9.69 | 3.32 |
| 6 | Singapore | 8.68 | 2.97 |
| 7 | U K | 8.21 | 2.81 |
| 8 | Germany | 8.13 | 2.78 |
| 9 | Nepal | 6.84 | 2.34 |
| 10 | Netherland | 6.47 | 2.22 |

## आयात की दिशा

**2020-21 में भारत के शीर्ष 10 आयात गंतव्यों की सूची**

| S.No. | Country | 2020-21 | Share% in 2020-21 |
|---|---|---|---|
| 1 | China | 65.21 | 16.53 |
| 2 | USA | 28.89 | 7.32 |
| 3 | UAE | 26.62 | 6.75 |
| 4 | Switzerland | 18.23 | 4.62 |
| 5 | Saudi Arab | 16.19 | 4.1 |
| 6 | Hong Kong | 15.17 | 3.85 |
| 7 | Iraq | 14.29 | 3.62 |
| 8 | Germany | 13.64 | 3.46 |
| 9 | Singapore | 13.30 | 3.37 |
| 10 | Korea Rp | 12.77 | 3.24 |

तालिका के अनुसार, वर्ष 2020-21 में भारत के शीर्ष 10 आयात गंतव्यों में चीन (16.53%) पहले स्थान पर था, जिसके पश्चात् अमेरिका (7.32%), संयुक्त अरब अमीरात (6.75%), स्विट्ज़रलैंड (4.62%), सऊदी अरब (4.1%) आदि आते हैं।

## सेवाओं का निर्यात

सेवा उद्योग का निर्यात ने भी विदेशी मुद्रा अर्जित करने का महत्त्वपूर्ण स्रोत है। सेवाओं में दूरसंचार, परिवहन, पर्यटन, बैंकिंग, बीमा, कंप्यूटर संबंधित सेवाएं आदि सम्मिलित हैं।

**सेवाओं में वैश्विक व्यापार**–सेवा निर्यात में विश्व व्यापार में 10 प्रतिशत की दर से वृद्धि देखि गयी है, जो माँग और आपूर्ति दोनों से प्रभावित होती है। कंप्यूटर और दूरसंचार के जेनेरिक तकनीक में प्रगति के साथ सेवा निर्यात में माँग बढ़ी है, क्योंकि वाणिज्यिक सेवाओं के निर्यात में नई तकनीकों और नवाचारों ने सेवा क्षेत्र में विस्तार पर बल दिया है। नए बाजारों के खुलने, उपभाक्ताओं की आवश्यकता और वैश्वीकरण रणनीतियां आदि ने सेवाओं की माँग को बढ़ाया है। वहीं कई सेवाएँ जो पहले व्यावसायिक फर्मों की घरेलू गतिविधियाँ थीं, विशिष्ट होने के कारण बाहरी व्यावसायिक फर्मों को भी अपनी सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं। विश्व व्यापार संगठन के समझौतों, मुक्त बाजार का अपेक्षित विस्तार, दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी और वित्तीय सेवाओं के विस्तार के कारण नई सहस्राब्दी में सेवा व्यापार में वृद्धि की संभावना है।

## भारत की सेवाओं का निर्यात

सेवाओं में व्यापार पर सामान्य समझौता (GATS) में सेवाएं प्रदान करने के चार तरीके बताए गए हैं। पहला, सीमा पार आपूर्ति को दर्शाता है, जैसे–कॉल सेंटर। दूसरा, उपभोक्ताओं की गतिशीलता से सम्बंधित है, जैसे–चिकित्सा देखभाल, शिक्षा और पर्यटन के लिए लोग विदेश से आते हैं। तीसरा, वाणिज्यिक उपस्थिति को संदर्भित करता है, उदाहरण के लिए, बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं। चौथा, मूलतः व्यक्तियों की यात्रा के अधिकार को दर्शाता है, जिसके अंतर्गत अन्य देशों की यात्रा करने वाले व्यक्तियों द्वारा

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com